# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/(एम0डी0एस0/ 4751

दिनांक : 20.07.2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष 2020–21 (सत्र 2020–23) एवं अन्तिम वर्ष 2020–21 (सत्र 2018–21) की मुख्य एवं सप्लीमेन्ट्री की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ccsuniversity.ac. in पर ऑन लाईन (On Line) भरें जायेंगे।

**फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–**

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर MDS Exam. Form पर Click करें।
2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।
3. वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के **I / III** वर्षो एवं भूतपूर्व/बैक पेपर परीक्षा के विद्यार्थी जिन्हें पिछले वर्षो में आवंटित अनुक्रमांक ही अंकित करें, इसके पश्चात Submit पर क्लिक करें। क्लिक करने पर उनका समस्त विवरण खुल जायेगा। तत्पश्चात् परीक्षा फार्म में माँगा गया पूर्ण विवरण भरने के पश्चात Submit Form पर क्लिक करें। Submit Form पर क्लिक करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण पुनः अवश्य चैक कर लें। क्लिक करने के पश्चात् फार्म प्रिन्ट के लिए तैयार है।
4. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
6. परीक्षा फार्म मोबाईल फोन के माध्यम से भी ऑन लाईन (On Line) भरा जायेगा।
7. परीक्षा फार्म भरने के उपरांत विद्यार्थी परीक्षा फार्म का प्रिन्ट निकाल ले अथवा अपने मोबाईल फोन पर Download कर लें।
8. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म भरने एवं submit कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | **22.07.2021** |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | **30.07.2021** |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को महाविद्यालय में पर जमा करने की अन्तिम तिथि (कोविड–19 अनलॉक की स्थिति मे ही) | **31.07.2021** |
| 4. | परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | **02.08.2021** |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी **नोमिनल रोल लिस्ट** किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

20-7-21

का॰ परीक्षा नियंत्रक

*प्रतिलिपिः*— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार–पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त स्ववित्त पोषित महाविद्यालय / संस्थान, दन्त चिकित्सा सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित।
3. प्रो0 वाई विमला, प्रतिकुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
7. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी (सामान्य / भण्डार)
10. आशुलिपिक कुलसचिव
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट / कम्प्यूटर केन्द्र
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

20/07/17

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**